हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 22 मई 2026

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 करोड़ों खर्च, बदले में टूटी सड़कें और बदहाल शहर

09 नपा सीएमओ ने जनसुनवाई कर जन समस्याओं...

खबर संक्षेप

कांग्रेस का धरना प्रदर्शन व चक्का जाम आज

इटारसी। नगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में जनहित के विभिन्न मुद्दों को लेकर 22 मई को एक धरना प्रदर्शन और चक्का जाम का आयोजन किया जा रहा है। नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी ने बताया कि यह आंदोलन स्थानीय सूरजगंज चौराहे पर प्रातः 11 बजे से शुरू होगा। इस जनआंदोलन में नगर के समस्त कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और आम नागरिकों से बड़ी संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है। नगर कांग्रेस कमेटी ने आमजन से इस आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया है।

निर्मल मन से ही भगवत प्राप्ति होतीः पं दुबे

इटारसी। शहर के द्वारकाधीश मंदिर में राजाराम सेन, इंदिरा बाई सेन, आशीष सेन और झलक सेन परिवार के तत्वावधान में आयोजित सप्तदिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ लिया। तृतीय दिवस की कथा में कथा व्यास भागवत भूषण पंडित सौरभ दुबे ने राजा परीक्षित के प्रसंग के साथ-साथ ध्रुव, प्रहलाद और विदुर चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। इस सैंकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

अवैध उत्खनन पर प्रशासन की सख्त कार्रवाई जारी

रेत का अवैध उत्खनन करते पाए जाने पर पनडुब्बी व मोटरबोट को जब्त की

जिला प्रशासन द्वारा कानून व्यवस्था बनाने कार्रवाई की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

जिले में रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार कठोर कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार अवैध खनन में संलग्न लोगों एवं वाहनों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में अवैध उत्खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए।

सिवनी मालवा में हो रहा था रेत का अवैध उत्खनन

राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए ग्राम पथाडा, तहसील सिवनी मालवा क्षेत्र में अवैध रूप से रेत उत्खनन करते हुए एक पनडुब्बी एवं एक मोटरबोट को जब्त किया गया। जब्त किए गए दोनों वाहनों को पुलिस थाना शिवपुर की अभिरक्षा में रखा गया है। प्रशासन द्वारा संबंधित प्रकरण दर्ज कर आगामी वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि अवैध खनन गतिविधियों पर निरंतर निगरानी रखी जा रही है तथा अवैध उत्खनन के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

व्यवसायिक उपयोग में लगे गैस सिलेंडर जब्त

अनुविभागीय अधिकारी सोहागपुर प्रियंका भलावी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस द्वारा मदिरा दुकानों के आसपास संचालित गुमटियों एवं ढाबों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मदिरा दुकान सोहागपुर-1, मदिरा दुकान ग्राम बोदी, अविनाश ढाबा एवं मढ़ई ढाबा का निरीक्षण किया गया। कार्रवाई के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर मदिरापान करते पाए गए व्यक्तियों के विरुद्ध प्रकरण कायम किए गए। साथ ही संबंधित मदिरा दुकानों में उपस्थित अभिकर्ताओं को सख्त निर्देश दिए गए कि दुकान के आसपास किसी भी प्रकार से मदिरापान न कराया जाए। तथा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान मढ़ई ढाबा में घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। उक्त अनियमितता पाए जाने पर दो घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन पर दुकान सील

इटारसी क्षेत्र में संचालित समस्त पटाखा दुकानों एवं पटाखा संग्रहण स्थलों की जांच हेतु राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा बस स्टैंड के समीप गुरुद्वारा परिसर स्थित एक पटाखा दुकान का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान दुकान में पटाखा एवं बारूद संबंधी सामग्री रखी हुई पाई गई। मौके पर दुकानदार अनुपस्थित मिला तथा दुकान का संचालन लगभग 17 वर्षीय नाबालिग बालक द्वारा किया जाना पाया गया। निरीक्षण में यह भी सामने आया कि दुकान में रखा अग्निशामक यंत्र बंद अवस्था में था तथा उसकी वैधता अवधि समाप्त हो चुकी थी, जो सुरक्षा मानकों की गंभीर अनदेखी है। संयुक्त टीम द्वारा सुरक्षा नियमों एवं वैधानिक प्रावधानों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पटाखा दुकान को तत्काल प्रभाव से सील कर बंद कराया।

जंगल सफारीः भीषण गर्मी से राहत पाने पानी में बैठे वनराज

पर्यटक बोले सेल्फी प्लीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

इन दिनों भीषण गर्मी का दौर है। जिससे ना केवल आम नागरिक बल्कि जीव जंतु भी हलाकान हैं। जंगलों में गर्म खून वाले प्राणी गर्मी से बचाव के लिए जलस्त्रोतों के आसपास देखे जा रहे हैं। इसी प्रकार का एक सुंदर दृश्य गुरुवार सुबह पर्यटकों ने सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में देखा है।

पर्यटक भारती खंडेलवाल दुर्ग छत्तीसगढ़, प्राची खंडेलवाल भोपाल तथा अर्चना खंडेलवाल सोहागपुर ने सहित अन्य पर्यटकों ने बताया कि गुरुवार को मॉर्निंग सफारी के दौरान बड़ा सुंदर व कद्दावर बाघ दिखाई दिया। पर्यटक मढ़ई में मार्निंग सफारी पर थे, जहां उन्होंने देखा कि एक भारी भरकम बाघ गर्मी से बचाव के लिए जंगलों के बीच स्थित एक जल स्त्रोत में बैठा है। वनराज का पूरा शरीर पानी में डूबा हुआ था, सिर्फ बड़ा मुंह बाहर दिखाई दिया। जिससे बाघ के कद्दावर होने के संकेत मिल रहा थे। करीब 15 से 20 मिनट तक पर्यटकों की जिप्सियां जल स्त्रोत से दूरी बनाकर छांव में खड़ी रहीं, ताकि वनराज का आसानी से दीदार हो सके।

इसके बाद सुबह की धूप बढ़ने पर वनराज पानी से निकले और घने जंगल में ओझल हो गए। पर्यटकों ने इस दौरान अपने कैमरों से वनराज की तस्वीरें लीं तथा सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। विदित हो कि इन दिनों जंगल सफारी करने के लिए पर्यटकों की भीड़ सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में देखी जा सकती है। साथ ही वन्य प्राणियों की चहलकदमीं भी रोमांचित कर रही है।

उर्वरक वितरण व्यवस्था के संबंध में बैठक हुई आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

खरीफ वर्ष 2026 के लिए उर्वरकों के भंडारण, वितरण एवं आगामी रैक प्लान के संबंध में गुरुवार को कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार कार्यालय उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास में बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपसंचालक कृषि, उपायुक्त सहकारिता, जिला विपणन अधिकारी एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में जिले की उर्वरक उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त सहकारिता एवं बैंक प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि जिले की सभी सहकारी समितियों में लगभग 7000 मे.टन यूरिया उर्वरक का भंडारण किया जा चुका है। साथ ही बैंक एवं समितियों की ओर से विभागीय सहायक विस्तार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि समितियों में फास्फेटिक उर्वरकों का पर्याप्त भंडारण सुनिश्चित कर कृषकों को वितरण कराया जाए। समितियों को शीघ्र आर.ओ. एवं डीडी. जमा कर फास्फेटिक उर्वरक उठाने के निर्देश भी दिए गए हैं।

विधायक ने नियुक्त किए प्रतिनिधि, अभिनव पालीवाल व शुभम रघुवंशी को सौंपी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह द्वारा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) सोहागपुर की आईएमसी समिति के गठन के लिए अपने प्रतिनिधियों की नियुक्ति की गई है। विधायक द्वारा जारी पत्र के माध्यम से अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि के रूप में जिम्मेदारी सौंपी गई है।

इस संबंध में जानकारी भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी स्वरूप द्वारा प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि शासकीय आईटीआई सोहागपुर में आईएमसी समिति के गठन की प्रक्रिया के अंतर्गत विधायक विजयपाल सिंह द्वारा दो नाम प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें मातापुरा वार्ड निवासी अभिनव पालीवाल एवं ग्राम हीरापुर निवासी शुभम रघुवंशी को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नामांकित किया गया है। बताया गया कि विधायक विजयपाल सिंह द्वारा जारी पत्र में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए हैं। आईएमसी समिति संस्था और उद्योगों के बीच समन्वय स्थापित करने, प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ऐसे में समिति में सक्रिय और युवा प्रतिनिधियों की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अभिनव पालीवाल एवं शुभम रघुवंशी को यह जिम्मेदारी मिलने के बाद उनके शुभचिंतकों ने बधाईयां देखने को मिला।

विद्युत समाधानः मौके पर निपटीं 30 से अधिक शिकायतें, सैंकड़ों की तादाद में पहुंचे उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर में 44 डिग्री सेल्सियस के भारी तापमान के बीच गुरुवार को सर्राफा बाजार के मेन मार्केट में 'विद्युत समाधान योजना एवं संपर्क अभियान' कैंप का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर का आयोजन अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन और मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कैंप में सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता पहुंचे। इस दौरान 30 से अधिक उपभोक्ताओं की बिल और नामांतरण संबंधी शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया। उपभोक्ताओं ने खराब मीटर, स्मार्ट मीटर के विरोध, बिजली कटौती, लोड-अनलोड की समस्या और किसानों के लिए पर्याप्त बिजली की मांग जैसे विषय उठाए। बारिश से पहले लाइनों के पास पेड़ों की कटाई-छंटाई की मांग भी प्रमुखता से रखी गई। उपभोक्ता संगठन ने आश्वासन दिया है कि लोगों की सहूलियत के लिए अब हर महीने वार्ड स्तर पर ऐसे 4 कैंप आयोजित किए जाएंगे।

गूंज रही सिंधी भाषा की महकः देवनागरी लिपि अध्यापन शिविर के सातवें दिन प्रज्वलित हुई ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्य प्रदेश सिंधी साहित्य अकादमी द्वारा पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं भारतीय सिंधु सभा शाखा इटारसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सिंधी भाषा (देवनागरी लिपि) अध्यापन शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक जारी है। सिंधी कॉलोनी स्थित सिंधु भवन में 14 मई से शुरू हुआ यह शिविर अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है।

शिविर के सातवें दिन की शुरुआत गरिमामय वातावरण में हुई। कार्यक्रम की परंपरा के अनुसार, आज शाम 5:30 बजे संत बाबा हरदासराम सेवा मंडल के प्रतिनिधि माधव चेलानी और राजकुमार केसवानी ने दीप प्रज्वलित कर सत्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर भारतीय सिंधु सभा के अध्यक्ष गोपाल सिद्धवानी, महिला शाखा की सिमरन चेलानी और अध्यापिका स्वाती मेघानी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। आयोजकों का कहना है कि नई पीढ़ी को सिंधी भाषा और देवनागरी लिपि से जोड़ने का यह प्रयास सराहनीय है। शिविर में न केवल भाषा सिखाई जा रही है, बल्कि बच्चों को सिंधी संस्कृति और संस्कारों से भी अवगत कराया जा रहा है। समाज के वरिष्ठ जनों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे भाषा के संरक्षण के लिए एक मील का पत्थर बताया है।

शिवाकांत पाण्डेय के नेतृत्व बहुप्रतीक्षित जिला कांग्रेस कार्यकारिणी का ऐलान

पार्टी का मानना है कि इस नई और ऊर्जावान कार्यकारिणी के गठन से नर्मदापुरम जिले में कांग्रेस संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

लंबे समय से चल रहे इंतजार को खत्म करते हुए आखिरकार गुरुवार को नर्मदापुरम जिला कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी की स्वीकृति के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय (गुड्डन) ने इस बहुप्रतीक्षित जिला कार्यकारिणी का ऐलान किया।



आगामी चुनौतियों और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से एक जंबो कार्यकारिणी का गठन किया गया है। इस मुख्य कार्यकारिणी में कुल 51 पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। इसके अलावा 80 अन्य वरिष्ठ और सक्रिय नेताओं को आमंत्रित सदस्य के रूप में शामिल किया गया है।

वरिष्ठों को भी मिला सम्मान

मुख्य 51 पदाधिकारियों की सूची के अलावा, पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं का मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए 40 नेताओं को 'स्थायी आमंत्रित सदस्य' और 40 अन्य नेताओं को 'विशेष आमंत्रित सदस्य' के रूप में जिला कार्यकारिणी में शामिल किया गया है। साथ ही यह भी निर्देश जारी किए गए हैं कि इन सदस्यों के अलावा जिले के सभी कांग्रेस विभाग और प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्ष भी पदेन रूप से इसके सदस्य होंगे। जिलाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय (गुड्डन) के नेतृत्व में घोषित इस नई टीम से जिले भर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। पार्टी का मानना है कि इस नई और ऊर्जावान कार्यकारिणी के गठन से नर्मदापुरम जिले में कांग्रेस संगठन को नई दिशा और गति मिलेगी, जिससे पार्टी आगामी राजनीतिक चुनौतियों का पूरी मजबूती के साथ सामना कर सकेगी।

कार्यकारिणी का स्वरूप

- संगठन महामंत्री (1): मधुसूदन यादव को संगठन महामंत्री की अहम जिम्मेदारी दी गई है।
- उपाध्यक्ष (10): जिले में 10 उपाध्यक्ष बनाए गए हैं, जिनमें ओमप्रकाश सेन, राजेन्द्र मुराइया, सुधा सिलावट सहित अन्य वरिष्ठ नाम शामिल हैं।
- महासचिव (15): 15 नेताओं को महासचिव पद से नवाजा गया है।
- सचिव (20): पार्टी के जमीनी काम को गति देने के लिए 20 सचिव नियुक्त किए गए हैं।
- कोषाध्यक्ष (1): अतुल तिवारी को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।
- प्रवक्ता (2): पार्टी का पक्ष मजबूती से रखने के लिए अनिल रैकवार और राजेन्द्र सोनिया को जिला प्रवक्ता बनाया गया है।

सोशल मीडिया इंचार्ज (2): डिजिटल मोर्चे को संभालने के लिए अमोल उपाध्याय और सुमित जायसवाल को सोशल मीडिया इंचार्ज बनाया गया है।

अघोषित बिजली कटौती से परेशान किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

क्षेत्र में बिजली विभाग की लचर कार्यप्रणाली और अघोषित विद्युत कटौती को लेकर किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया है। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन ने किसानों की विभिन्न ज्वलंत समस्याओं को लेकर मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक के नाम एक ज्ञापन सौंपकर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन के पदाधिकारियों का साफ कहना है कि बिजली विभाग की मनमानी के कारण वर्तमान में किसानों की मेहनत से तैयार फसलें बर्बाद होने की कगार पर पहुंच गई हैं। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी ने बिजली विभाग की व्यवस्थाओं पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि किसान इस समय विभाग के रवैये से कतई संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने विभाग की नीयत पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ऐसा प्रतीत होता है जैसे विभाग जानबूझकर किसान की फसल को बर्बाद करना चाहता है। क्रांतिकारी किसान मजदूर संगठन के जिलाध्यक्ष हरपाल सिंह सोलंकी, राष्ट्रीय अध्यक्ष लीलाधर सिंह राजपूत, यूथविंग प्रदेश अध्यक्ष अरुण पटेल और इटारसी तहसील अध्यक्ष ब्रजेश चौरे सहित अन्य किसान नेताओं ने चेतावनी दी है ।

आतिशबाजी और फल-टॉफियां बांटकर मनाया गया जश्न

इटारसी का गौरवः तीन हॉकी सितारों का भारतीय टीम में चयन, जापान में दिखाएंगे हुनर, करेंगे देश का प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर के खेल जगत के लिए गुरुवार का दिन ऐतिहासिक उपलब्धियों भरा रहा। इटारसी की माटी में पले-बढ़े तीन प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ियों ने एक साथ भारतीय टीम में स्थान बनाकर जिले और प्रदेश का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। आगामी 'अंडर-18 एशिया कप' के लिए पुरुष टीम में अंश बहुतरा व गाजी खान और महिला टीम में गोलकीपर महक परिहार का चयन हुआ है।

भारतीय खेल प्राधिकरण के 'टॉप्स' डिवीजन द्वारा जारी सूची के अनुसार, यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट जापान के काकामिघारा में 26 मई से 6 जून तक आयोजित होगा। जहाँ अंश बहुतरा अपनी रक्षात्मक तकनीक (डिफेंडर) और गाजी खान अपनी आक्रामक फॉरवर्ड शैली से पुरुष टीम को मजबूती देंगे, वहीं महक परिहार गोलपोस्ट की कमान संभालेंगी। ये तीनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सरकारी खर्च पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इस बड़ी उपलब्धि पर शाम 6 बजे जय स्तंभ चौक पर जश्न का माहौल रहा। हॉकी नर्मदापुरम के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों और नागरिकों ने मिलकर आतिशबाजी की और खुशी में फल व टॉफियां बांटीं। खिलाड़ियों ने हॉकी उठाकर खेल के प्रति अपना सम्मान प्रकट किया और ध्यानचंद चौक पर मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर मौजूद जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों ने तीनों चयनित सितारों का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत व सम्मान किया।

हॉकी नर्मदापुरम (इटारसी) के अध्यक्ष राजेंद्र तोमर, सचिव साजिद मलिक, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंह सैनी और कोच कन्हैया गुरयानी, पवन सिंह व जयसिंह भदौरिया सहित संरक्षक डॉ. अतुल सेठा ने इस सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। संघ ने खिलाड़ियों की प्रतिभा पर भरोसा जताने के लिए हॉकी मध्य प्रदेश के कोच समीर दाद, वंदना उईके (ग्वालियर) और महासचिव लोक बहादुर का आभार माना। इन खिलाड़ियों के चयन से न केवल इटारसी में हॉकी के प्रति नया उत्साह जागा है, बल्कि यह भविष्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है।

निर्माणाधीन सीसी रोड का नपा अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने गुरुवार को वार्ड क्रमांक 19 में मांगीलाल के मकान से पवन के मकान तक लगभग 100 मीटर निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार को सड़क निर्माण की गुणवत्ता बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क की नियमित तराई करने एवं बोरों को गीला रखने के लिए कहा, ताकि सड़क मजबूती के साथ तैयार हो सके। नपा अध्यक्ष ने निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के तहत सड़क के दोनों ओर बैरिकेड्स लगाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क की गुणवत्ता एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 10-12 दिनों तक निर्माणाधीन मार्ग पर आवागमन बंद रखें, जिससे सड़क अच्छी मजबूत हो जाए और लंबे समय तक टिकाऊ बनी रहे।

खबर संक्षेप

23 को पूरे शहर में बंद रहेगी पेयजल सप्लाई

सारनी। नगर पालिका क्षेत्र सारनी में जलावार्धन योजना के तहत पेयजल सप्लाई 23 मई 2026 को पूरी तरह बंद रहेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि अनुबंधित कंपनी मे. लक्ष्मी इंजीनियरिंग प्रा.लि. ने 23 मई दिन शनिवार को एमपीईबी से लाइन जो?ने का कार्य करने हेतु नगर पालिका से परमिट मांगा है। इसके तहत शनिवार को नगर पालिका क्षेत्र के सभी 36 वार्डों में पेयजल सप्लाई पूरी तरह बंद रहेगी।

दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन चिन्हांकन शिविर आज

सारनी। भारत सरकार की एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों वरिष्ठजनों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के लिए चिन्हांकन शिविर का आयोजन 22 मई शुक्रवार को सुबह 10 बजे से मंगल भवन सारनी में किया गया है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि ऐसे पात्र दिव्यांग एवं वरिष्ठजन जिन्हें उपकरणों की आवश्यता है वे अपने साथ यूडीआईडी कार्ड, बीपीएल राशन कार्ड, समग्र आईडी, आय प्रमाणपत्र, आधार कार्ड एवं पासपोर्ट साइज की दो फोटो के साथ उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठा सकते हैं।

आधार अपडेशन के लिए विशेष अभियान 25 और 26 मई को

बैतूल। छिंदवाड़ा डाक संभाग के अंतर्गत डाकघरों के आधार केन्द्रों में नवीन आधार पंजीयन, आधार कार्ड में सुधार, बायोमेट्रिक अपडेशन, आधार डेटा में मोबाइल एवं ईमेल लिंक आदि कार्य करवाने के लिए 25 और 26 मई को विशेष अभियान चलाया जाएगा।
अधीक्षक डाकघर छिंदवाड़ा संभाग ने बताया कि 22 एवं 23 मई को टोकन वितरण किए जाएंगे। वहीं 25 और 26 मई को विशेष अभियान के तहत बैतूल जिले के बैतूल प्रधान डाकघर के अतिरिक्त कोठी बाजार, बैतूल गंज, आठनेर, सारणी, पाथाखेड़ा, दुनावा, मुलताई, भैंसदेही, चिचोली, शाहपुर उपडाकघर में भी आधार पंजीयन एवं अपडेशन प्रातः 8 बजे से सायं 06 बजे तक कार्य करेंगे। प्रधान डाकघरों में सायंकाल 8 बजे तक कार्य किया जाएगा।

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने नगर के विकास कार्यों का किया निरीक्षण

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने गुरूवार को बैतूल नगर का भ्रमण कर प्रगतिरत विकास कार्यों का जायजा लिया। साथ ही प्रस्तावित विकास कार्यों के लिए उपयुक्त भूमि का भी तलाश की। उन्होंने गंज सब्जी मंडी में निर्माणाधीन शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर कार्यों को तेजी से पूर्ण कराने तथा दुकानों को व्यवस्थित रूप से शिफ्ट करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इसके पश्चात कलेक्टर ने सदर बाजार एवं बस स्टैंड क्षेत्र का निरीक्षण कर विकास कार्यों की सुव्यवस्थित प्लानिंग एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, सीएमओ नवनीत पांडे, तहसीलदार बैतूल श्रीमती पूनम साहू, नायब तहसीलदार श्याम सिंह उईके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

सीवर लाइन मुलताई वासियों के लिए मुसीबत, अधूरा काम छोड़ ठेकेदार गायब

करोड़ों खर्च, बदले में टूटी सड़कें और बदहाल शहर

एफआईआर के प्रस्ताव के बाद भी कार्रवाई नहीं, बिना भौतिक सत्यापन करोड़ों के भुगतान पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

तापी सरोवर को घरों से निकलने वाले गंदे पानी से बचाने के उद्देश्य से शुरू किया गया सीवर लाइन प्रोजेक्ट अब नगरवासियों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है। करोड़ों रुपए की लागत से शुरू की गई इस योजना में भारी अनियमितताओं के आरोप सामने आ रहे हैं। नगरवासियों का आरोप है कि करोड़ों रुपए खर्च होने के बावजूद शहर को टूटी सडक़ें, बदहाल व्यवस्था और बर्बाद हुआ हराभरा परिसर ही मिला है। जानकारी के अनुसार सीवर लाइन प्रोजेक्ट के तहत ठेकेदार को लगभग 4 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, लेकिन इसके बदले नगर को लगभग 10 करोड़ रुपए की क्षतिग्रस्त सडक़ें और नगर पालिका परिसर में बने हरित उद्यान की बर्बादी झेलनी पड़ रही है। नगर पालिका परिसर में पहले जहां हरे-भरे वृक्ष और सुंदर बगीचा था, वहां अब गंदे पानी से भरा गहरा गड्ढा बना हुआ है। इस गड्ढे से उठने वाली दुर्गंध के कारण परिसर में खड़ा रहना तक मुश्किल हो गया है।

नई बनी सड़कें भी खोद दी गईं

तापी पटेल वार्ड और इंदिरा गांधी वार्ड सहित कई क्षेत्रों में सीवर लाइन डालने के नाम पर सडक़ें खोद दी गईं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इनमें से अधिकांश सडक़ें छह माह से एक वर्ष पहले ही बनाई गई थीं। सडक़ें तोडऩे के बाद उनका समुचित मरम्मत कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण तीन वार्डों के रहवासी लंबे समय से परेशानियों का सामना कर रहे हैं। नगरवासियों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा किया गया प्रारंभिक निर्माण कार्य भी अब किसी उपयोग का नहीं रह गया है। ऐसे में नगर पालिका को पुनः समतलीकरण और मरम्मत कार्य पर अतिरिक्त राशि खर्च करनी पड़ेगी।

ठेकेदार पर एफआईआर का प्रस्ताव, फिर भी नहीं हुई कार्रवाई

सीवर लाइन प्रोजेक्ट अधूरा छोडक़र गायब हुए ठेकेदार के खिलाफ नगर पालिका परिषद में पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने सर्वसम्मति से एफआईआर दर्ज कराने का प्रस्ताव पारित किया था। हालांकि एक वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ठेकेदार पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस पूरे मामले में कई गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों का कहना है कि बिना सीवर लाइन की टेस्टिंग और बिना भौतिक सत्यापन के करोड़ों रुपए का भुगतान आखिर कैसे कर दिया गया। साथ ही यह भी सवाल उठ रहे हैं कि परियोजना की राशि का मद परिवर्तन क्यों किया गया और संचित निधि से 1 करोड़ 4 लाख रुपए का भुगतान किन परिस्थितियों में किया गया।

डीपीआर में सडक़ सुधार शामिल, फिर भी नहीं कराया गया काम

जानकारों के अनुसार सीवर लाइन परियोजना की डीपीआर में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि पाइपलाइन बिछाने के बाद सडक़ों का सुधार कार्य भी ठेकेदार द्वारा किया जाएगा। इसके बावजूद भुगतान करने में जल्दबाजी दिखाई गई और सडक़ सुधार कार्य पूर्ण कराए बिना ही ठेकेदार को राशि जारी कर दी गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि सामान्य व्यक्ति अपने घर में छोटी पाइपलाइन बिछाने पर भी जांच के बाद भुगतान करता है।

भुगतान के बाद पाइपलाइन सामग्री ले जाने का आरोप, मामला दर्ज

मामले में एक और गंभीर तथ्य सामने आया है। आरोप है कि लगभग एक करोड़ रुपए का भुगतान मिलने के बाद ठेकेदार ने परियोजना स्थल से अपनी सामग्री हटाना शुरू कर दिया था। इसी दौरान वह सीवर लाइन के वे पाइप भी ट्रक में भरकर ले जा रहा था, जिनका भुगतान नगर पालिका पहले ही कर चुकी थी। तत्कालीन नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गढ़ेकर को इसकी जानकारी मिलने पर उन्होंने थाना मुलताई में ठेकेदार संजय पटेल एवं अभिषेक पटेल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने वाहन एवं पाइप जब्त कर दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया।

इनका कहना है-

हमने सीवर लाइन ठेकेदार का काम टर्मिनेट कर दिया है। एफडीआर राजसात कर ली है। जहां तक परिषद प्रस्ताव में एफआईआर का सवाल है मै देख लेता हूं कि क्या हो सकता है।
वीरेंद्र तिवारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी मुलताई

पुलिस ने पाइपलाइन चोरी के मामले में वाहन और पाइप जब्त कर दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। वाहन की सुपुर्दगी हो चुकी है।
नरेंद्र सिंह परिहार, थाना प्रभारी मुलताई

मेरे कार्यकाल में सभी दलों के पार्षदों ने सर्वसम्मति से सीवर लाइन ठेकेदार के खिलाफ एफआईआर कराने का प्रस्ताव पारित किया था। अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई करना थी। पाइप चोरी के मामले में भी हमने संज्ञान लेकर एफआईआर दर्ज कराई थी।
वर्षा गढ़ेकर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, मुलताई

पुण्यतिथि पर जिला कांग्रेस कार्यालय में जुटे सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता

कंप्यूटर क्रांति और सूचना तकनीक के जनक थे राजीव गांधी : निलय

देश के विकास में राजीव गांधी के योगदान को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर गुरुवार 21 मई को जिला कांग्रेस कार्यालय बैतूल में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान देश के प्रति उनके योगदान और आधुनिक भारत निर्माण में निभाई गई भूमिका को याद किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने कहा कि राजीव गांधी भारत में कंप्यूटर क्रांति और सूचना तकनीक के जनक थे। उन्होंने देश को आधुनिक तकनीक से जोडऩे का कार्य किया, जिसके परिणामस्वरूप आज भारत विश्व स्तर पर सूचना तकनीक और डिजिटल क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने युवाओं को नई सोच और नई दिशा देने का काम किया तथा देश में दूरसंचार व्यवस्था को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। श्री डागा ने कहा कि राजीव गांधी ने पंचायत राज व्यवस्था को सशक्त कर गांवों तक लोकतंत्र की मजबूती सुनिश्चित की। उनके कार्यकाल में शिक्षा, विज्ञान और तकनीकी क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनका लाभ आज भी देश को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी का सपना आधुनिक, मजबूत और आत्मनिर्भर भारत का था, जिसे कांग्रेस आज भी आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में बैतूल विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा, जिला संगठन महामंत्री ब्रजभूषण पांडे, प्रदेश सचिव समीर खान, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका निरापुरे, ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार चौबे, मनोज कालू आहूजा, वरिष्ठ नेता धीरू शर्मा, पिछड़ा वर्ग विभाग के जिलाध्यक्ष नारायणराव धोटे, पूर्व मंडी उपाध्यक्ष रमेश गायकवाड़, वरिष्ठ पार्षद कदीर भाई, नफीस खान, सिराज पठान, रवि त्रिपाठी, संतोष मोरे, सुखराम पंडाग्रे, करण राजपूत, राकेश मांझी, अशोक नागले, पंढरी पंडाग्रे, देवराव पटेल, तरूण पाटिल, मन्ने आथनकर, सत्तार भाई, राकेश कलंबे, सुभाष राठौर, सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे। कांग्रेसजनों ने राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।

बूथ और ग्राम स्तर पर मजबूत कांग्रेस संगठन खड़ा करना हमारी पहली प्राथमिकता : निलय डागा

बैतूल। राजनीति जब वातानुकूलित कमरों से निकलकर गांव की चौपाल तक पहुंचती है, तब उसकी असली ताकत दिखाई देती है। गुरुवार को बैतूल जिले के ग्राम बघोली में कुछ ऐसा ही नजारा देखने को मिला, जब बैतूल विधानसभा प्रभारी गोपाल कृष्ण शर्मा और जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने ग्राम बघोली में पेड़ों की घनी छांव के नीचे चौपाल लगाकर मंडलम अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ताओं के साथ घंटों राजनीतिक मंथन किया। बैठक में नेताओं ने कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोली और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। गांव के बीच पेड़ों के नीचे लगी चौपाल में कांग्रेस नेताओं ने मंचों की औपचारिकता छोड़ सीधे कार्यकर्ताओं के बीच बैठकर संवाद किया। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथ प्रबंधन, गांवों में कांग्रेस की सक्रियता और आगामी रणनीति को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। नेताओं ने स्पष्ट संकेत दिए कि अब संगठन जिला और ब्लॉक स्तर तक सीमित नहीं रहेगा, हर गांव और हर बूथ तक कांग्रेस की सक्रिय मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय विनोद डागा ने अपने संबोधन में कहा कि कांग्रेस की पहली प्राथमिकता बूथ स्तर और ग्राम स्तर पर मजबूत संगठन खड़ा करना है। उन्होंने कहा कि चुनाव सिर्फ नेताओं के भरोसे नहीं जीते जाते, बूथ पर खड़े कार्यकर्ताओं की मेहनत ही जीत की असली ताकत बनती है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि हर पंचायत और हर गांव में कांग्रेस का ऐसा नेटवर्क तैयार किया जाए, जो जनता की समस्याओं के बीच लगातार सक्रिय दिखाई दे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता की आवाज है और यह आवाज गांव-गांव तक मजबूती से पहुंचनी चाहिए।

नगरीय निकायों के उत्कृष्ट

सीएम हेल्पलाइन में बैतूल जिले ने प्रदेश में पाया पहला पायदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

मुख्यमंत्री हेल्पलाइन अंतर्गत अप्रैल-2026 माह की जारी जिलेवार ग्रेडिंग में बैतूल जिले के नगरीय निकायों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है।

जारी रिपोर्ट में बैतूल जिले को कुल 99.36 अंक प्राप्त हुए हैं, जिसके साथ जिले को ए रेटिंग दी गई है। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण नवनीत पाण्डेय ने बताया कि जिले के विभिन्न नगरीय निकायों द्वारा शिकायतों के समयबद्ध और संतुष्टिपूर्ण निराकरण के कारण यह उपलब्धि मिली है। क्षेत्रवार प्रदर्शन में आठनेर, आमला, घोड़ाडोंगरी, चिचोली, भैंसदेही और शाहपुर नगरीय निकायों को 100 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं, जबकि

बैतूल नगर पालिका को 99.61 अंक मिले हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन में शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण, लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा और नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान कर मॉनिटरिंग कर अधिकारियों और कर्मचारियों के समन्वित प्रयासों से जिले को यह महत्वपूर्ण सफलता मिली है। नवनीत पाण्डेय ने सभी नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि भविष्य में भी नागरिक सेवाओं को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए इसी प्रकार कार्य जारी रखा जाएगा।

जिले में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत पूर्ण की गई

तय अवधि से पहले बैतूल में पूर्ण हुआ मकान सूचीकरण कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

जिले में भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण अंतर्गत संचालित मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य निर्धारित अवधि से पूर्व 19 मई 2026 को सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया।

यह महत्वपूर्ण उपलब्धि कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के प्रभावी समन्वय कौशल, प्रेरक नेतृत्व एवं सतत मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती वंदना जाट की निरंतर मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप प्राप्त हुई। जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी नरेंद्र कुमार गौतम ने बताया कि सभी चार्ज अधिकारियों, पर्यवेक्षकों, प्रगणकों एवं तकनीकी दल के समन्वित प्रयासों, अथक परिश्रम से अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यापक कार्य तकनीकी एवं मैदानी चुनौतियों के बावजूद सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से संपन्न हुआ। सतत मैदानी निरीक्षण, त्वरित समस्या समाधान एवं कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिए जाने से जिले ने निर्धारित समय-सीमा से पूर्व यह उपलब्धि हासिल की।

प्रगणकों की मेहनत और सतत मॉनिटरिंग से मिली सफलता

जिले के 21 चार्जों में लगभग 2800 गणना ब्लॉकों के लिए नियुक्त 2433 प्रगणकों एवं 411 पर्यवेक्षकों द्वारा घर-घर पहुंचकर मकानों की नंबरिंग, नजरी नक्शा तैयार करने एवं एचएलओ ऐप के माध्यम से डेटा प्रविष्टि का कार्य किया गया। फील्ड में कार्यरत टीमों ने भीषण गर्मी के बावजूद पूरी जिम्मेदारी और उत्साह के साथ कार्य संपादित किया। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी, जिला योजना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, चार्ज अधिकारियों, जिला प्रभारी एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा लगातार फील्ड भ्रमण कर कार्यों की गुणवत्ता की जांच की गई तथा मौके पर आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। जिला जनगणना कार्यालय की तकनीकी टीम एवं मास्टर ट्रेनर, कंट्रोल रूम द्वारा एचएलओ ऐप से संबंधित समस्याओं का त्वरित निराकरण किया गया, जिससे कार्य प्रभावित नहीं हुआ। प्रत्येक गणना ब्लॉक में प्रविष्ट किए गए डेटा का सत्यापन एवं गुणवत्ता परीक्षण किया गया, ताकि कोई भी मकान अथवा परिवार सूचीकरण से वंचित न रहे। वहीं प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी दल के बेहतर समन्वय से कार्य समय-सीमा से पूर्व पूर्ण हो सका।जनगणना कार्य के दौरान जिले के नागरिकों द्वारा भी सकारात्मक सहयोग प्रदान किया गया। नागरिकों ने सही एवं प्रमाणिक जानकारी उपलब्ध कराकर राष्ट्रीय महत्व के इस कार्य में अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने जनगणना कार्य से जुड़े सभी प्रगणकों, पर्यवेक्षकों, चार्ज अधिकारियों एवं तकनीकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की मजबूत आधारशिला है। समय-सीमा से पूर्व कार्य पूर्ण होना जिले के लिए गौरव का विषय है।

लायंस क्लब भौंरा की नई समिति का गठन

शाहपुर। लायंस क्लब भौंरा कैंपस की वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष के लिए लायन कमल सिंह मर्सकोले, सचिव लायन स्मिता राजा धुर्वे, कोषाध्यक्ष राकेश साहू, उपाध्यक्ष प्रेमलाल उदयपूरे को सभी सदस्यों की उपस्थिति में मनोनीत किया गया। भौंरा कैंपस के सदस्य लायन अशोक अग्रवाल, लायन संजय पाटनकर, लायन राजेंद्र सिरोठिया, लायन संतोष नायक, लायन नरेंद्र सांवरिया, श्रीपत वर्मा, रूपनारायण मालवीय, पालू जुनेजा लायन,संजय शुक्ला, लायन, मीरा धुर्वे लायन, नीलू यादव सभी सदस्य लोग उपस्थित रहे। सभी नव निर्वाचित सदस्यों को भौंरा कैंपस द्वारा बधाई दी गई।

महामृत्युंजय यज्ञ और शिव महापुराण कथा शुरू

शाहपुर। शाहपुर के बाबा मनसुखदास मंदिर में महामृत्युंजय यज्ञ और शिव महापुराण कथा की शुरूआत की गई। इस अवसर पर प्राप्त 10 बजे कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से प्रारंभ हुई और बाबा मनसुखदास मंदिर से होते हुए दुर्गा चौक, शाहपुर नगर के प्राचीन श्री राम मंदिर से होते हुए माँ माचना नदी के पावन तट पर पहुंची। यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। कलश यात्रा के पूर्व नगर की सडक़ों का जल से शुद्धिकरण किया गया। राम मंदिर से निकलकर खेड़ापति मंदिर से होते हुए यज्ञ स्थल पर सभी भक्त बाबा महाकाल के जय कारे लगाते हुए पहुंचे। उसके पश्चात मंत्र जाप प्रारंभ हुए। बाबा महाकाल की आरती के साथ विधि विधान से महाराष्ट्र चंद्रपुर से आए पंडित मनोज शुक्ला और पचमढ़ी से पहुंचे पंडित राजुल पांडे के द्वारा धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ किये गये। अधिक मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का विशेष महत्व है। यज्ञ 29 मई शुक्रवार तक आरंभ रहेगा। आरती के पश्चात भक्तों ने महाप्रसादी भंडारा का लाभ लिया।

पवार समाज ने किया जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मचारियों का सम्मान

बैतूल। पवार समाज वरिष्ठ जन कल्याण मंच, बैतूल द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय बैतूल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पवार समाज के अध्यक्ष एवं मानद कैप्टन एलआर पवार (से.नि.) के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्र सेवा तथा सेवानिवृत्त सैनिकों के कल्याण के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे समस्त शासकीय सेवकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते पवार समाज के अध्यक्ष कैप्टन एल.आर. पवार (से.नि.) ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित करने का अवसर हमें मिला। उन्होंने कहा कि कार्यालय का समस्त स्टाफ पूर्व सैनिकों, वीर नारियों एवं आश्रितों के पेंशन, छात्रवृत्ति तथा केंद्र व राज्य की योजनाओं से संबंधित कार्यों हेतु निष्ठा भाव एवं ईमानदारी से कार्य करता है। कार्यक्रम के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) सुमीत सिंह (से.नि.) ने सम्मान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे सेवाकाल में यह पहला अवसर है, जब किसी सामाजिक संगठन द्वारा जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के सभी शासकीय सेवकों को एकसाथ सम्मानित किया जा रहा है। पवार समाज की यह पहल सराहनीय एवं सभी के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर से.नि. कैप्टन सुमीत सिंह जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, से.नि. नायब सूबेदार अमित भूमरकर असिस्टेंट ग्रेड-2, से.नि. कार्यालय अधीक्षक सूबेदार आर.एस. सोलंकी, से.नि. कल्याण संयोजक सूबेदार जगदीश साहू, समिति सुपरवाइजर, से.नि. हवलदार अर्जुन बिसन्द्रे, असिस्टेंट ग्रेड-3, से.नि. हवलदार सुरेंद्र कुमार डोंगरे, असिस्टेंट ग्रेड-3, मुस्कान सरोने समिति लिपिक, से.नि. नायक लील सिंह, भृत्य और अविनाश इन्हे केयर टेकर को सम्मान चिन्ह एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पवार समाज के वरिष्ठ सदस्य एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

मानव को मानव योनि में रहकर ही कर्मो का फल भोगना पड़ताः योग शक्ति आस्था दीदी

भौंरा। ब्रह्माकुमारीज द्वारा आयोजित साप्ताहिक गीता प्रवचन में योग शक्ति आस्था दीदी ने मनुष्य के जन्म मरण के की अद्भुत कहानी सुनाई जिसमें उन्होंने बताया कि मनुष्य अपने विकर्मों की सजा भोगने के लिए किसी पशु योनि में नहीं जाता बल्कि मनुष्य के मनुष्य शरीर में रहकर ही उसे अपने किए हुए पाप कर्मों का प्रतिफल भोगना पड़ता है। मानव शरीर में रहकर ही शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक और सामाजिक समस्याएं एवं दुख मनुष्य के किए हुए पाप कर्मों का ही प्रतिफल है। आज मनुष्य मानव तन होने के बावजूद भी संस्कारों से पशुतुल्य हो चुका है। वह पशुवत व्यवहार करता है। कई बार तो यह भी देखा गया है कि वह पशु से भी पत्थर पत्थर शैतानी प्रवृत्ति को अपना लेता है । इसे देखकर के यह मानव जीवन भी पशु तुल्य ही प्रतीत होता है। कई बार मानव शरीर की भोगनाएं भी पशुता का एहसास कराती है। नेहा दीदी ने बताया कि हमें अपने किए हुए विकर्मों का पश्चाताप करने के लिए किसी अन्य योनि में नहीं जाना पड़ता बल्कि अगर इस मानव शरीर में रहते भी अगर हम ईश्वर का स्मरण करते हैं और अपने संस्कारों में परिवर्तन लाते हैं तो यह संस्कारों का परिवर्तन ही वास्तविक प्रायश्चित है। जिससे मानव विषय सागर से पार हो जाता है। गीता ज्ञान प्रवचन का यह पांचवा दिन था तथा शेष 2 दिन यह कथा और चलेगी जिसका लाभ लेने के लिए ब्रह्माकुमारी भौंरा की प्रमुख ब्रह्माकुमारी अरुणा दीदी ने सभी भौंरा क्षेत्र निवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ लेने का आग्रह किया है।

एक घंटा किताबों के नाम अभियान के तहत जनप्रतिनिधि पहुंचे हाईटेक लाइब्रेरी

मुलताई। प्रदेश स्तर पर संचालित एक घंटा किताबों के नाम अभियान के अंतर्गत गुरुवार को मुलताई की स्थानीय लाइब्रेरी में नगर पालिका अध्यक्ष नीतू परमार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीरेंद्र तिवारी ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों के लिए बेहतर अध्ययन वातावरण तैयार करना तथा पुस्तकालयों में उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना है।अभियान के तहत आयुक्त, जेडी, ईई, सीएमओ एवं एई स्तर के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र की लाइब्रेरी का निरीक्षण करने, अध्ययन व्यवस्था का जायजा लेने तथा आवश्यक सुविधाओं के विकास हेतु निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अधिकारियों ने लाइब्रेरी पहुंचकर विद्यार्थियों से चर्चा की और उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान अध्ययनरत विद्यार्थियों ने गर्मी के मौसम में पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की समस्या प्रमुखता से उठाई। विद्यार्थियों ने बताया कि लाइब्रेरी में वर्तमान में रखे गए 10 पानी के कैंपर पर्याप्त नहीं हैं, जिससे कई बार पानी की कमी हो जाती है। उन्होंने कैंपरों की संख्या बढ़ाकर 15 करने की मांग की। इसके अलावा विद्यार्थियों ने बढ़ती गर्मी को देखते हुए अतिरिक्त कूलर एवं पंखे लगाने की आवश्यकता भी बताई। छात्राओं ने लाइब्रेरी में महिलाओं के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था नहीं होने पर नाराजगी जताई।

खबर संक्षेप

सीहोर गर्ल्स ने अंबेडकर टीम को 3-0 से हराया

सीहोर। जिला फुटबाल एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर के चर्च मैदान पर 85 दिवसीय निशुल्क प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, इसके अंतर्गत 20 दिवसीय ब्लाक स्तरीय लीग फुटबाल प्रतियोगिता के दौरान सीहोर गर्ल्स की टीम ने अम्बेडकर टीम को 3-0 से हराया। इस एक तरफा मैच में सीहोर गर्ल्स की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया के मार्गदर्शन में शिविर के दौरान बड़ी संख्या में जूनियर, सब जूनियर बच्चे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि मंगलवार की शाम को एक मात्र खेला गया। इस मैच में सीहोर गर्ल्स ने सीहोर अम्बेडकर को 3-0 से हराया। सीहोर गर्ल्स की ओर से आकृति गौर ने 2 गोल और प्रथम ने 1 गोल किया।

शिविर में किया 1242 बच्चों का टीकाकरण

सीहोर। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिलेभर में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं एवं अनेक स्थानों पर प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के विभिन्न बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जा रहा है।

पीएम आवास की लिस्ट में नाम जोड़ने, राशन कार्ड से नाम समर्पण करने के आए आवेदन

नपा सीएमओ ने जनसुनवाई कर जन समस्याओं का किया त्वरित समाधान

सीएमओ हेमेश्वरी पटले द्वारा जनसुनवाई की गई। नागरिकों की समस्याओं का समाधान किया गया। जनसुनवाई में पीएम आवास सहित अनेक आवेदन आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

प्रति गुरूवार को होने वाली जनसुनवाई के तहत सुबह 11 बजे से लेकर 1.30 बजे तक नपा में मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले द्वारा जनसुनवाई की गई। नागरिकों की छोटी छोटी रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान किया गया।

इस दौरान पीएम आवास योजना की लिस्ट में नाम जोड़ने, किश्त जारी करने, समग्र आइडी सुधरवाने, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, नाली निर्माण संबंधी, अतिक्रमण हटाने जैसी समस्याएं आई अधिकांश आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। साथ ही जांच योग्य आवेदनों को संबंधित शाखा को भेज दिया गया। इस दौरान जन्म मृत्यु शाखा के कर्मचारियों को कार्य में लापरवाही बरतने पर सीएमओ द्वारा निलंबन की कार्रवाई की गई। नीतेश खंडेलवाल द्वारा ग्वालटोली में अतिक्रमण शिकायत कर शीघ्र हटाने की मांग की गई।

कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के मार्गदर्शन में जनकल्याण हेतु नपा में जनसुनवाई की शुरूआत की है। जिसके सुखद परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लोगों को तत्काल समाधान मिल रहा है।

जन्म-मृत्यु शाखा के कर्मचारियों को दिया नोटिस

जन्म-मृत्यु शाखा के चार कर्मचारियों द्वारा लापरवाहीपूर्वक कार्य करने पर तत्काल प्रभाव से सीएमओ पटले द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। जिसमें पूजा दोहरे, ललित दोहरे, धर्मेंद्र टांक शामिल हैं तथा आउट सोर्स कर्मचारी नीलम कहार की सेवाएं समाप्त की गई। उन्होंने हिदायत दी कि जनसुनवाई में आने वाले आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर आवेदक को राहत प्रदान करें।

पार्षदगणों ने माना आभार

विगत जनसुनवाई में पार्षदगणों द्वारा अपने वार्ड की समस्या बताई थी जिस पर नपाध्यक्ष यादव एवं सीएमओ पटले द्वारा संबंधित शाखा से जांच उपरांत समाधान कराया गया। वार्ड 31 के पार्षद नरेंद्र पटले ने कहा कि हमारे वार्ड के एक मोहल्ले में पेयजल संबंधी बड़ी समस्या थी। पाइप लाइन आधी अधूरी बिछाई गई थी। उसके संबंध में आवेदन दिया था। जिसका समाधान हो गया है नई पाइप बिछ गई है। साथ ही नई सड़क का निर्माण कार्य प्रारंभ होने पर आभार व्यक्त किया गया। इसी तरह वार्ड 25 के पार्षद दुर्गेश चौधरी के वार्ड में स्थित पिंक एवेन्यू कालोनी के मुख्यद्वार पर तीन लाइट लगाने की मांग की गई थी जिसका भी समाधान हो गया। लाइट लग गई हैं। जनसुनवाई में उपयंत्री दीक्षा तिवारी, आयुषी रिछारिया, रीना गुप्ता, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, पूर्व नपा उपाध्यक्ष अशोक कुशराम, पार्षदगण संतोष उपाध्याय, दुर्गेश चौधरी, नरेंद्र पटेल, वंदना चुटीले, एल्डरमेन संतोष मीना, बिंदिया मांझी, पार्षद प्रतिनिधि अर्पित मालवीय सहित बड़ी संख्या में आवेदकगण उपस्थित थे।

स्टैंडिंग कमेटी की बैठक में दी गई आयोग के निर्देशों की जानकारी

संदीपनी उमावि सिवनी मालवा में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला कलेक्टर नर्मदा पुरम स्थानीय निर्वाचन के निर्देशानुसार विजय राय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व की अध्यक्षता में संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी मालवा में स्टैंडिंग कमेटी की बैठक संपन्न हुई।

इसमें नगर पालिका एवं पंचायत की फोटो युक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण 2026 की तैयारी हेतु प्रक्रिया एवं मतदाता सूची तैयार करने के कार्यक्रम के बारे में कमेटी के सदस्यों को अवगत कराया जिसमें बताया गया कि 15 मई 2026 से 25 मई 2026 के अपराह्न 3:00 बजे तक प्राधिकृत अधिकारी द्वारा मतदान केंद्रों पर दावे आपत्ति प्राप्त करने की अवधि रहेगी स्थानीय निर्वाचन मास्टर ट्रेनर्स प्रकाश व्यास एवं निर्वाचन कार्यालय प्रभारी पंकज परसाई द्वारा भी राज्य निर्वाचन आयोग स्थानीय के बारे में विस्तार पूर्वक अवगत कराया गया।

बैठक में तहसीलदार नितिन कुमार झोड, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह ऊईके,पंचायत समन्वयक संजय तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक जितेंद्र गौर, राजनैतिक दल भाजपा की ओर से नीरज तिवारी, कांग्रेस की ओर से स्वदेश शर्मा, बहुजन समाज पार्टी की ओर से मेघराज हरियाले, आम आदमी पार्टी की ओर से अजय मालवीय, रघुवीर राजपूत, ईश्वर दास जमींदार, प्रवीण रघुवंशी, सुनीता सूर्यवंशी, दीपक बाथव, प्रशांत यादव, निर्वाचन कार्यालय सहायक पुष्पराज पटेल, निर्वाचन मीडिया प्रभारी राम मोहन रघुवंशी एवं पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

डीपी के समीप लगी आग, बिजली कंपनी ने की सहयोग की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

शहर के रघुवंशीपुरा में बिजली कंपनी की एक डीपी के समीप आग लग गई। जिसके कारण काफी देर तक अफरातफरी की स्थिति बनी रही। खेत एवं मुख्य मार्ग के समीप लगी आग की सूचना जब बिजली कंपनी को मिली तो तत्काल उन्होंने मौके पर पहुंचकर यह सुनिश्चित किया कि डीपी को कोई क्षति ना पहुंचे।

मामले में मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के टाउन जेई विजय धुर्वे ने अवगत कराया कि किसी उपभोक्ता द्वारा डीपी के समीप पेड़ काटा जा रहा था। इस दौरान आग लग गई। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि बिजली लाइन के नजदीक कोई भी काम करते हैं तो दुर्घटना की संभावना बन सकती है। अतः यह काम करने के पहले बिजली कंपनी को सूचित करें। जिससे संपत्ति के नुकसान की स्थिति अथवा संभावित दुर्घटना से बचा जा सकता है।

अब सुरक्षित माहौल में पढ़ेंगे ग्राम बटकी के बच्चे, लंबे संघर्ष के बाद मिली बड़ी सफलता

सखी मंच की पहल रंग लाईः विधायक निधि से बनेगी बाउंड्रीवॉल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

शिक्षा और बच्चों की सुरक्षा को लेकर लगातार सक्रिय सखी मंच के प्रयास अब रंग लाते दिखाई दे रहे हैं। बटकी के शासकीय स्कूल की जर्जर स्थिति लंबे समय से विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई थी। हालात ऐसे बन गए थे कि बच्चों को नियमित शिक्षा के लिए अपने गांव से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर इकलानी स्थित मांगलिक भवन में अस्थायी रूप से पढ़ाई करनी पड़ रही थी।

हालांकि जिस मांगलिक भवन में कक्षाओं का संचालन किया जा रहा था, वहां भी सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं थीं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावकों और स्थानीय लोगों में लगातार चिंता बनी हुई थी। इस गंभीर समस्या को सखी मंच ने लगातार प्राथमिकता के साथ उठाया और विभिन्न स्तरों पर समाधान की मांग की। सखी मंच द्वारा इस मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। साथ ही क्षेत्रीय विधायक से भी कई बार चर्चा कर बच्चों की सुरक्षा और शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की गई।

विधायक ने बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आश्वासन दिया कि इकलानी स्थित मांगलिक भवन, जहां वर्तमान में स्कूल संचालित हो रहा है, वहां सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए विधायक निधि से बाउंड्री वॉल निर्माण हेतु राशि उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर सखी मंच की अध्यक्ष ऊषा अग्रवाल, उपाध्यक्ष अर्चना मिश्रा, सचिव रेखा शर्मा एवं सदस्य शशिखा तालमपुरिया उपस्थित रहीं।

सुपरवाइजर्स कर रहे ब्लॉक्स के नजरी नक्शों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

जनगणना कार्यक्रम इन दिनों क्षेत्र में जारी है। क्षेत्र के जनगणना ब्लॉक्स में मैदानी कार्य किया जा चुका है तथा प्रगणक गणना ब्लॉक्स के नजरी नक्शे भी बना चुके हैं। अब सुपरवाइजर्स नक्शों का अवलोकन कर रहे हैं। ताकि त्रुटि सुधार किया जा सके। नजरी नक्शे पेंसिल से बने हैं, ताकि आवश्यक सुधार संभव हो सके।

वाल्मी भोपाल के विशेषज्ञों ने दिया प्रशिक्षण

नर्मदापुरम। नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर नशामुक्ति जनजागरूकता को प्रभावी बनाने हेतु गुरुवार 21 मई 2026 को जिला पंचायत सभागृह नर्मदापुरम में मास्टर वॉलंटियर्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्यप्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान (वाल्मी) हिल्स, भोपाल के माध्यम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वाल्मी भोपाल के स्टेट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर डॉ. अतुल रायजादा ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित होकर मास्टर वॉलंटियर्स को नशामुक्ति के विभिन्न पहलुओं, समाज पर नशे के दुष्प्रभावों तथा जनजागरूकता फैलाने की प्रभावी रणनीतियों के संबंध में विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों एवं जनसहभागिता से समाज को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखा जा सकता है।

रोजगार सहायक की गैर-मौजूदगी से अधूरे कार्य ग्रामीण कर रहे काम नहीं करने की शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की तमाम ग्राम पंचायत में देखा गया है।कि अक्सर सचिव रोजगार सहायक मुख्यालय पर निवास नहीं कर रहे हैं। पिपरिया शहर में ही निवास करते हैं। पंचायत तो कभी कभी जाते है। जब कोई अधिकारी वर्ग आते हैं।तभी तो यह लोग पंचायत में उपस्थित रहते हैं।

शासन के आदेश अनुसार प्रत्येक मंगलवार को एवं प्रत्येक गुरुवार को पंचायत में सचिव रोजगार सहायक पटवारी , क्रषि अधिकारी आवश्यक उपस्थिति दर्ज कराकर फोटो अपलोड करें। लेकिन अभी भी कुछ पंचायत में अभी भी सचिव रोजगार सहायक आदेश का पालन नहीं कर रहे हैं। ऐसा ही मामला सामने आया है। जिसमें ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में कोई पटवारी राजस्व निरीक्षक कोटबार तथा सचिव रोजगार सहायक पदस्थ नहीं रहे। पंचायत भवन नहीं है जिसके कारण आंगनबाड़ी केंद्र पर ही पंचायत लगती है। पुराने पंचायत भवन का मामला अभी हल नहीं है। लगभग 15लाखका है। वर्ष 2014मे अधुरा बनाकर पुरी राशि का आहरण कर लिया गया था। लेकिन अभी तक एफ आई आर दर्ज कराई जा सकी है। पंचायत में कचरें घुरेके कचरें के ढेर लगे हैं। सफाई कर्मचारी नहीं है। पंचायत में लेपटॉप एल ई डी भी नहीं है। फर्नीचर और कुछ नहीं कर रहे हैं। ओमप्रकाश सचिव ने बताया कि सबसे ज्यादा पंचायत में जाते हैं। कभी कभी पिपरिया जनपद पंचायत में काम होने पर नहीं पहुंच पाते हैं।

राजनीतिक दलों द्वारा किया जा रहा मतदाता सूची का अवलोकन, प्रत्येक विवरण का किया मिलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

स्थानीय निर्वाचन शाखा द्वारा गत दिनों पंचायत एवं नगरीय निकाय चुनावों के मद्देनज़र मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन की तैयारी की जा रही है। इसके लिए स्टैंडिंग कमेटी की बैठक भी की गई। जिसके बाद राजनीतिक दल कार्यकर्ता शहर के सभी वार्डों की मतदाता सूची का अवलोकन कर रहे हैं।गत दिवस भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय कार्यालय अर्थात विधायक विजयपाल सिंह के निवास पर कार्यकर्ता शहर के सभी वार्डों की मतदाता सूचियों का निरीक्षण करते नज़र आए।

भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज ने बताया कि सभी वार्डों के कार्यकर्ताओं एवं पार्टी के पार्षदों को उनके अपने वार्डों की सूची दी गई है। ताकि सभी बारीकी से सूची का अवलोकन करें और देख सकें कि कहीं किसी मतदाता का विवरण अपूर्ण तो नहीं है। अथवा कोई ऐसा व्यक्ति तो नहीं जो वार्ड क्षेत्र में निवास निवासरत हो, लेकिन उसका नाम मतदाता सूची से विलोपित हो गया हो। अथवा किसी अन्य वार्ड के मतदाता का नाम किसी अन्य वार्ड में की सूची में दर्ज हो। मुख्य रूप से यह देखा जा रहा है कि कहीं कोई ऐसा मतदाता सूची में दर्ज तो नहीं है जो वर्षों से अन्यत्र रह रहा हो एवं चुनाव के समय भी मतदान के लिए नहीं आता हो।कर सकते हैं उल्लेखनीय है कि मतदाता सूचियों के प्रारूप प्रकाशन होने के बाद यदि किसी भी मतदाता को अथवा राजनीतिक दल के कार्यकर्ता को कोई दावा व आपत्ति दर्ज करना हो तो वे बीएलओ के पास मतदान केंद्र पर पहुंचकर आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

ग्रामीण मंडल सिवनी मालवा में संगठनात्मक बैठकों का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल सिवनी मालवा के अंतर्गत भिलाडिया एवं चौकी गवा शक्ति केंद्र की बैठकें सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। बैठकों में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने तथा बूथ स्तर तक पार्टी की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने संगठन की कार्यप्रणाली को मजबूत करने, जनसंपर्क अभियान को गति देने और पार्टी की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पर विचार साझा किए। साथ ही कार्यकर्ताओं से आगामी कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता निभाने का आह्वान किया गया।

पूर्व पीएम राजीव गांधी के देश को समर्पित कार्यों का किया गया बखान

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नर्मदांचल में मनाई पुण्यतिथि

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि इटारसी नगर कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी कांग्रेसजनों ने स्व. राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का सफल संचालन नगर कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया गोस्वामी द्वारा किया गया।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत 'गुड्डन' पाण्डेय ने कहा कि स्व. राजीव गांधी ने देश को आधुनिक सोच, तकनीकी विकास और युवा नेतृत्व की एक नई दिशा प्रदान की है। उनके इस अभूतपूर्व योगदान को देश हमेशा याद रखेगा। कांग्रेस महासचिव राजकुमार उपाध्याय 'केलु' ने कहा कि स्व. राजीव गांधी की नीतियां हमेशा गरीब, किसान, युवा और आम जनता के विकास को केंद्र में रखकर बनाई जाती थीं। उनके ये आदर्श आज भी हर कांग्रेस कार्यकर्ता के लिए एक बड़ी प्रेरणा हैं। कार्यक्रम के दौरान मप्र प्रकोष्ठ के सह प्रभारी मोहन झलिया, संतोष गुरयानी, पंकज राठौर, मुन्ना सिद्धिकी, चंदू दुबे, जिला प्रवक्ता अनिल रेकवार, सोनू बकोरिया और देवी मालवीय सहित कई अन्य कांग्रेस नेताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए स्व. राजीव गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम सेन, राजेंद्र गोस्वामी, रजनीकांत सोनकर, अमल सरकार, बल्ला यादव, दिनेश मासाब, अर्जुन कुचबंदिया, पप्पी कालोसिया, कृष्णा चौधरी, अतुल तिवारी और प्रदीप रेकवार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

माखननगर में भी मनाई राजीव गांधी की पुण्यतिथि

माखन नगर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेस पार्टी ने कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्मरण करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी नगर कांग्रेस अध्यक्ष रत्नेश बडगूजर सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष सुबोध दुबे सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने स्वर्गीय राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए इस अवसर पर ब्लॉक, नगर ,युवक कांग्रेस, एन एस यू आई, महिला कांग्रेस, के पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे

कांग्रेस सेवादल ने मनाई पूर्व पीएम की पुण्यतिथि

इटारसी। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर इटारसी स्थित कांग्रेस चुनाव कार्यालय में सेवादल द्वारा उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई। राष्ट्रीय और प्रांतीय नेतृत्व के निर्देश पर इस कार्यक्रम का आयोजन जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अमित गुप्ता के मार्गदर्शन में नगर अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प और सूत की माला अर्पित कर की गई। वहीं दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत नेता को नमन किया। कार्यक्रम के अंत में नगर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष दिलीप गोस्वामी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

पीएम मोदी की अपील के बाद सराफा बाजार में छाई मायूसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद करोड़ों रुपए का कारोबार प्रभावित हुआ है। बढ़ते दामों और पुरषोत्तम मास ने बाजार की रौनक ही विभाग दी है।नगर सर्राफा व्यापारी संघ के अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी ने बताया कि लगभग सभी दुकानदार को मोदी की अपील का असर हुआ है।सोना चांदी की खरीदारी को लेकर की गई अपील का असर सीधे सराफा बाजार में पड़ा है। जहां पहले दिन भर ग्राहकों की भीड़ लगी रहती थी।

वहीं अब उन दुकानों पर व्यापारी ग्राहकों के इंतजार में बैठे हुए हैं।सोनी ने बताया कि बड़े बड़े दुकान दार को कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ता है। लेकिन उनकी दुकान पर जो कारीगर काम करते हैं।उन पर अधिक असर हुआ है। महीने में 15से 20हजार तक कमा लेते थे।अब तो ग्राहकों का पता ही नहीं है।आयात पर भी रोक लगा दी है। तथा जहां छह प्रतिशत टेक्स लगता था। वहां पर अब 16%से लेकर 20% तक टेक्स बढ़ा दिया गया है।

अपील के बाद लगभग 70% फर्क पड़ा हुआ है। विवाह पर भी रोक लगा दी गई है। पुरषोत्तम मास के कारण विवाह बंद पड़े हैं।से इस मास का प्रारंभ हुआ है। आगामी 15जूनतक विवाह सम्पन्न नहीं होने से सोने चांदी की खरीदारी पर खाना असर हुआ है। व्यापारी वर्ग का यह भी कहना है। विवाह में सीजन के समय सोना चांदी खरीदते हैं।भले ही प्रधानमंत्री ने अपील की है।सोना चांदी ही है जिसे कभी भी भुनाया जा सकता है। बिना आभूषण के विवाह सम्पन्न नहीं होते हैं।

खबर संक्षेप

नवनिर्मित तहसील भवन का सांसद पाटिल लोकार्पण करेंगे

झिरन्या। बहुप्रतीक्षित नवीन तहसील भवन का लोकार्पण शुक्रवार को खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल करेंगे। इस अवसर पर भीकनगांव विधायक झूमा सोलंकी भी उपस्थित रहेंगी। सांसद सुविधा केंद्र खंडवा से मिली जानकारी के अनुसार सांसद पाटिल प्रातः 8 बजे प्रातः कार द्वारा बुरहानपुर से प्रस्थित होंगे। वे यहां 10 बजे पहुंचेंगे और लोकार्पण समारोह में शामिल होंगे। एक अन्य जानकारी के अनुसार पीआइयू एसडीओ पवन दावर ने बताया कि सांसद द्वारा ग्राम बड़ी और आभापुरी के छात्रावास भवनों का भी भूमि पूजन करेंगे। विधायक सोलंकी ने गुरूवार को विश्राम गृह में एसडीओ राजस्व भीकनगांव लोकेश छापरे, तसीलदार खुमानसिंह चौहान और नायब तहसीलदार राजेश बर्डे से कार्यक्रम को लेकर चर्चा की।

खिरकिया सीएमओ पर 2 हजार का अर्थ दंड

हरदा। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत लापरवाही बरतने पर खिरकिया नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) महेंद्र शर्मा पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। यह कार्रवाई कलेक्टर सिद्धार्थ जैन द्वारा की गई। बताया गया है कि सीएमओ महेंद्र शर्मा ने एक आवेदन पत्र का निर्धारित समय सीमा में निराकरण नहीं किया था। इसके कारण आवेदक को समय पर संबंधित सेवा उपलब्ध नहीं हो सकी। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को चिन्हित सेवाएं तय समय सीमा में उपलब्ध कराने का प्रावधान है। अधिनियम के अनुसार, यदि कोई अधिकारी समय पर सेवाएं प्रदान नहीं करता है, तो उसके खिलाफ अर्थदंड की कार्रवाई की जाती है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सीएमओ महेंद्र शर्मा को निर्देश दिए हैं कि वे सात दिनों के भीतर चालान के माध्यम से अर्थदंड की राशि जमा कराएं।

30 जून तक पीएम किसान ई-केवायसी अभियान

हरदा। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएम किसान) के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये की सहायता राशि तीन समान किश्तों में प्रदान की जाती है। योजना का लाभ निरंतर प्राप्त करने के लिए हितग्राहियों का ई-केवायसी, आधार लिंकिंग, बैंक खाते का डीबीटी इनेवल तथा फार्मर आईडी अपडेट होना अनिवार्य है। अब प्रत्येक वर्ष सभी हितग्राहियों का बायोमेट्रिक माध्यम से ई-केवायसी कराया जाना आवश्यक किया गया है। इसके तहत वर्ष 2026 के लिए ई-केवायसी पूर्ण करने की अंतिम तिथि 30 जून निर्धारित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को समय-सीमा में अभियान पूर्ण कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशानुसार ई-केवायसी की कार्यवाही सीएससी केन्द्रों पर बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के माध्यम से की जाएगी।

पानी की टंकियों की सफाई का दिया प्रशिक्षण

सीहोर। जल गंगा अभियान के अंतर्गत शासकीय शालाओं में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सीहोर जनपद पंचायत एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में वॉल्वमेन एवं पंप ऑपरेटरों को एसबीएम (स्वच्छ भारत मिशन) के तहत "वॉश ऑन व्हील" के माध्यम से पानी की टंकियों की वैज्ञानिक एवं सुरक्षित तरीके से सफाई करने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सीहोर जनपद पंचायत कार्यालय में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा टंकियों की नियमित सफाई, पानी की गुणवत्ता बनाए रखने, क्लोरीनेशन प्रक्रिया तथा स्वच्छता संबंधी आवश्यक सावधानियों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि विद्यालयों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है, इसलिए समय-समय पर पानी की टंकियों की सफाई सुनिश्चित करना जरूरी है। उद्देश्य जल स्रोतों एवं पेयजल व्यवस्थाओं को स्वच्छ और सुरक्षित बनाएं।

अभाविप का 4 दिवसीय अभ्यास वर्ग के समापन में प्रांत की नवीन घोषणाएं

मध्यभारत प्रांत में पहली बार छात्रा कार्यकर्ता को जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

गत दिनों अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्यभारत प्रांत का 4 दिवसीय अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ। जिसके समापन अवसर पर 18 मई को हुए अभ्यास वर्ग का समापन सत्र में प्रांत की नवीन घोषणाएं हुई। जिसमें मध्यभारत प्रांत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि कोई छात्रा कार्यकर्ता जिन्हें जिला संयोजक का दायित्व मिला है।

यह एक गौरवान्वित करने वाला क्षण है कि हरदा जिले की बहन लिशीका काले जिन्हें हरदा जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया है। वही दूसरी ओर वर्तमान जिला संयोजक सुधन मानकर को ग्वालियर (लश्कर) जिला विस्तारक, अलकेश शर्मा को हरदा जिला संगठन मंत्री एवं डोली कहार को जिला छात्रा प्रमुख बनाया गया। 15 मई से 18 मई तक शहर के संस्कार विद्यापीठ स्कूल में अभ्यास वर्ग संपन्न हुआ।

जिसमें हरदा जिले में पूरे प्रांत के 22 जिलो से युवा तरुणाई उपस्थित हुए। अभ्यास वर्ग का उदघाट्न प्रांत अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र राजपूत, मध्यक्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री चेतस सुखड़िया, प्रांत मंत्री केतन चतुर्वेदी एवं प्रांत संगठन मंत्री रोहित दुबे द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसमें अभाविप की कार्यपद्धति एवं सैद्धांतिक भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया।वही समापन सत्र के दौरान वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षण संस्थानों में 'एकात्म मानववाद' और 'राष्ट्रीय पुनर्निर्माण' के विचारों को विद्यार्थियों तक पहुँचाएँ।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी राष्ट्र के भविष्य निर्माता हैं और परिषद का लक्ष्य उनमें राष्ट्रभाव, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करना है। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया कि प्राप्त प्रशिक्षण को संगठनात्मक कार्यों में पूर्ण निष्ठा के साथ लागू किया जाएगा।

पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन

हरदा। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के अंतर्गत आयोजित जिला प्रशिक्षण वर्ग में दिनभर वैचारिक एवं संगठनात्मक सत्रों के पश्चात रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रातःकालीन योग शिविर ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और आत्मीयता का संचार किया।

रात्रि विश्राम के दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व कृषि मंत्री कमल पटेल द्वारा भावपूर्ण नर्मदा अष्टक के गायन से हुई। इसके पश्चात पूर्व विधायक टिमरनी संजय शाह ने फिल्मी गीत प्रस्तुत कर कार्यकर्ताओं का मन मोह लिया। भाजपा खेल प्रकोष्ठ के प्रभारी विक्रांत अग्रवाल ने राष्ट्रभक्ति एवं प्रेरणादायी गीतों की प्रस्तुति देकर देर रात तक वातावरण को ऊर्जावान बनाए रखा। वहीं जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश ह्लकाकाह्व वर्मा ने रोचक एवं नीतिपरक चुटकुलों के माध्यम से कार्यकर्ताओं का स्वस्थ मनोरंजन किया। प्रातःकाल संघ के तृतीय वर्ष शिक्षित मुन्नालाल मालाकार ने संघ शाखा लगाकर कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक अनुशासन, शाखा पद्धति एवं योगाभ्यास का प्रशिक्षण दिया। इसके साथ ही प्रीति गहलोत ने पतंजलि योगपीठ द्वारा संचालित योग अभियान की जानकारी देते हुए अनुलोम-विलोम, प्राणायाम एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला प्रवक्ता अशोक गुर्जर ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर का यह रात्रि विश्राम कार्यकर्ताओं के आत्मीय संवाद, सांस्कृतिक प्रस्तुति एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊंचाई प्रदान करेगा। प्रशिक्षण वर्ग में वैचारिक मार्गदर्शन के साथ सांस्कृतिक, सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों ने कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीय समन्वय, संगठनात्मक एकता और राष्ट्रभावना को और अधिक मजबूत किया।

दो दिन में दस्तावेज बनेंगे

रेलवे ओवर ब्रिज एलाइनमेंट एरिया की 82 प्रापर्टी का मूल्यांकन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

रेलवे ओवर ब्रिज एलाइनमेंट एरिया में आ रही तकरीबन 82 प्रापर्टी का मूल्यांकन रजिस्टार विभाग द्वारा किया गया है। रजिस्टार विभाग हरदा से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले दो दिन में ओवरब्रिज के संबंध प्रॉपर्टी के सभी मूल्यांकन दस्तावेज तैयार करके संबंधित विभाग को पुट अप कर दिए जाएंगे। प्रॉपर्टी मूल्यांकन के बाद मुआवजा राशि संबंधित व्यक्तियों के खाते में ट्रांसफर होगी और उसके बाद डिस्मेंटल संबंधित कार्रवाई शुरू होगी। ओवर ब्रिज निर्माण में आ रही प्रॉपर्टी का मूल्यांकन सरकारी विभागों द्वारा किया जाता है। इसके लिए सर्किल रेट और बाजार मूल्य को ध्यान में रखकर मुआवजा तय होता है। रजिस्ट्रार ऑफिस का मुख्य काम संपत्तियों की रजिस्ट्री और स्टाम्प ड्यूटी तय करना है। इसके साथ ही मंगलवार बाजार जहां पर ब्रिज का एलाइनमेंट एरिया आ रहा है इस स्थान का भी ट्रांसफर होना है। फिलहाल मंगलवारा बाजार को गोमुख क्षेत्र में अस्थाई रूप से ट्रांसफर करने की जानकारी सामने आ रही है। प्रत्येक मंगलवार को यह साप्ताहिक बाजार शहर में आयोजित किया जाता है। मंगलवार बाजार के अधूरे पड़े हुए कार्य को लेकर भी नगर परिषद द्वारा एक एस्टीमेट ब्रिज कॉरपोरेशन को दिया गया है। ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा बताया गया कि बजट आवंटन के दौरान संबंधित बाजार की राशि नगर परिषद को ट्रांसफर की जाएगी ताकि बाजार को डिस्पेंटल किया जा सके और निर्माण कार्य शुरू हो सके।

वही खिरकिया रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण में आई हुई आपत्तियों के संबंध में भी ब्रिज कॉरपोरेशन द्वारा निरीक्षण किया जा रहा है। ब्रिज कारपोरेशन के मुख्य कार्य पालन यंत्री ए आर मोरे ने बताया कि जन संघर्ष समिति द्वारा ब्रिज को कैंसिल करने के संबंध में एक ज्ञापन दिया गया है। अंडर ब्रिज निर्माण की मांग की गई है। श्री मोरे ने बताया कि रेलवे विभाग से अंडर ब्रिज के संबंध में चर्चा की गई तो यह जानकारी निकलकर सामने आई की जहां पर अंडर ब्रिज बनाने की मांग की जा रही है वहां पर बारिश के दिनों में पानी जमा रहता है। आपत्ति के संबंध में विचार किया जा रहा है।

इनका कहना है

एलाइनमेंट एरिया में आ रही प्रॉपर्टी के संबंध में रजिस्टार विभाग द्वारा मूल्यांकन किया जा है। जैसे ही फाइल पुट अप होती है, कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

गिरीश हिगवे,
एसडीओ ब्रिज कॉरपोरेशन

सेना भर्ती एंट्रेंस एग्जाम 1 से 12 जून तक

हरदा। सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा सेना में भर्ती के लिए ज्वाइन इंडियन आर्मी के वेबसाइट पर रजिस्टर करने वाले अभ्यर्थियों के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथियां घोषित कर दी गई है। विभिन्न श्रेणियों के लिए ऑनलाइन परीक्षा (सीईई) 01 जून से 12 जून 2026 तक भोपाल के 2 परीक्षा केंद्रों आईओएन डिजिटल जोन आईडीजेड प्रेस्टीज जयराम एजुकेशन सोसायटी, कोकता बाईपास, रायसेन रोड, भोपाल तथा आईओएन डिजिटल जोन आईडीजेड आरजीपीएम, सांखेड़ी, दानिश कुंज, कोलार रोड़, भोपाल पर आयोजित की जाएगी। ऑनलाइन परीक्षा हर दिन 4 शिफ्ट में आयोजित होगी।

मालवाहन में मजदूरों को बैठाकर ले जा रहे वाहन पर कार्रवाई, न्यायालय ने लगाया ₹10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा लगातार विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक शशांक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा के निर्देशन में की गई। इसी क्रम में बायपास हनुमान मंदिर चौराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस ने पिकअप वाहन क्रमांक टढ41ऋअ1796 को रोककर जांच की। जांच के दौरान पाया गया कि मालवाहक वाहन में मजदूरों एवं सवारियों को बैठाकर परिवहन किया जा रहा था, जो मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 66/192 का उल्लंघन है। यातायात पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए वाहन को जप्त कर थाना यातायात में सुरक्षित खड़ा कराया। इसके बाद वाहन चालक साहिल पिता रसद खान निवासी खातेगांव के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया। जहां न्यायालय ने आरोपी चालक पर 10,000 का जुर्माना लगाया।यातायात प्रभारी उमेश ठाकुर ने बताया कि मालवाहनों में सवारियां बैठाकर परिवहन करना गंभीर सड़क दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

जल गंगा संवर्धन अभियान 2026, नगर परिषद की बैठक संपन्न

अटल सरोवर तालाब के गहरीकरण का कार्य आज से

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

नगर परिषद खिरकिया द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत जल संरक्षण एवं भूजल संवर्धन को लेकर महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 14 स्थित अटल सरोवर तालाब के गहरीकरण, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर बुधवार को नगर परिषद कार्यालय के सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में समिति द्वारा तालाब गहरीकरण हेतु मिट्टी की खुदाई कर ट्रॉली भरने के लिए 100 रुपये प्रति ट्रॉली की दर स्वीकृत की गई। साथ ही पोकलेन एवं जेसीबी मशीन संचालकों को निर्देश दिए गए कि तालाब में खुदाई कार्य प्रारंभ करने से पूर्व नगर परिषद कार्यालय से अनुमति लेना अनिवार्य होगा। नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि अटल सरोवर तालाब के गहरीकरण कार्य का शुभारंभ आज 22 मईको प्रातः 9 बजे किया जाएगा। इस कार्य का उद्देश्य जल संग्रहण क्षमता बढ़ाना एवं भूजल स्तर को सुधारना है। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व खिरकिया शिवांगी बघेल, गंगाविशन मुनीम, पूनमचंद गुप्ता, शैतानसिंह पंवार, कैलाश गौर, सत्यनारायण गौर, महेंद्रसिंह खनुजा, उमेश गीते, सुरेंद्र आटनेरे, राजेश मालाकार, बल्लू पंवार, गब्बरसिंह इरलावत, मुख्य नगर पालिका अधिकारी महेंद्र शर्मा, उपयंत्री विष्णुप्रसाद यादव, उपयंत्री श्रीकिशन गुर्जर, नरेश बावोनिया सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव के आदर्शों पर चलने का आह्वान

झिरन्या। क्षेत्रीय विधायक एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी की उपाध्यक्ष झूमा सोलंकी ने स्वर्गीय पूर्व प्रधनमंत्री राजीव गांधी के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। वे यहां गुरुवार को स्व. गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक सादे कार्यक्रम में कांग्रेस जनों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा है कि अब समय आ गया है कि सभी कांग्रेस जन इस संकट की घड़ी में जन समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहें। इस अवसर पर प्रमुख कांग्रेस जन, सरपंच और जनपद सदस्य गण उपस्थित थे। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बलवीर सिंह भाटिया ने कार्यक्रम का संचालन किया और महेंद्र यादव ने आभार व्यक्त किया।

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी को याद किया

खिरकिया। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गाँधी की 35 वी पुण्यतिथि पर शहर कांग्रेस नेताओं ने उन्हें याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व शहर अध्यक्ष दुर्गादास पाटिल ने कहा राजीव गांधी हमेशा याद किए जायेंगें। संचार और कम्प्यूटर क्रांति के लिए, नवोदय विद्यालय और शिक्षा के प्रसार के लिए, 18 साल के युवाओं को मताधिकार और पंचायती राज चुनाव के लिए, अपने दूरगामी फैसलों के लिए, अपने राजनैतिक कार्यकाल में देश को तकनीक और वैश्विक बुलंदियों तक पहुंचाने के लिए। इस अवसर पर शहर अध्यक्ष असलम पठान भूपेंद्र राजपूत वीरू ठाकुर इमरान शेख प्रवीण पाटिल देवेंद्र पवार प्रशांत गौर सुनील राजपूत दीपांशु छचार दीपक गौर उपस्थित थे।

जमीनी विवाद में किसान के खेत में लगाई आग

हजारों का सामान जलकर राख फायर ब्रिगेड एक घंटे देरी से पहुंची

सीहोर। जिले के हीरापुर गांव में एक किसान के खेत में आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह आग आपसी रंजिश के चलते लगाई गई, जिसमें किसान का हजारों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया। इस घटना के बाद पीड़ित परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है।यह घटना हीरापुर निवासी किसान कमलेश परमार के खेत में हुई। कमलेश के भाई प्रेम नारायण परमार ने अपने पड़ोसी पर आग लगाने का आरोप लगाया है। प्रेम नारायण के अनुसार, पड़ोसी से उनका पुराना जमीनी विवाद चल रहा था, जिसके चलते रंजिश में यह आग लगाई गई।

किसान को हजारों रुपए का नुकसान हुआ

गर्मी और तेज हवा के कारण आग तेजी से पूरे खेत में फैल गई। इस अग्निकांड में किसान कमलेश परमार को बड़ा आर्थिक नुकसान हुआ है। खेत में रखी सूखी लकड़ियां, गोबर के कंडे, फसलों के लिए रखा खाद और खेती में उपयोग होने वाले कृषि उपकरण सहित हजारों रुपए का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। पीड़ित किसान के अनुसार, यह उनके सालभर की मेहनत की कमाई का नुकसान है। ग्रामीणों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया और तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि, सूचना देने के एक घंटे बाद भी दमकल विभाग की गाड़ी मौके पर नहीं पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि यदि फायर ब्रिगेड समय पर पहुंच जाती, तो नुकसान को काफी हद तक कम किया जा सकता था। आग बुझने के बाद पीड़ित परिवार न्याय की आस में थाने पहुंचा और आरोपी पड़ोसी के खिलाफ नामजद आवेदन देकर मामला दर्ज करने की मांग की। पुलिस ने तत्परताके बजाय मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

अतिक्रमणकारियों पर तत्काल हो सख्त से सख्त कार्रवाई

अवैध पार्किंग से जनता को तुरंत निजात दिलाए नगर पालिका व जिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बुधवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने सीहोर नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर कलेक्टर के नाम संबोधित एक ज्ञापन नपा सीएमओ सुधीर सिंह को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने सीहोर नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर अतिक्रमण और फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब पार्किंग किए जाने से बढ़ रहे हादसों की ओर जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर नगर में बेसहारा मवेशियों, सड़क पर पक्के-कच्चे अतिक्रमण तथा फुटपाथ एवं सड़क पर बेतरतीब तरीके से पार्किंग किए जाने से ना केवल पैदल चलने वालों को परेशानी होती है, बल्कि वाहनों के चलने के लिए भी सड़क पर बहुत ही कम जगह बचती है, जिससे भयानक हादसों का खतरा बना रहता है।

पंकज शर्मा ने कहा कि विशेषकर हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज से लेकर इंदौर नाका और भोपाल नाका से कोतवाली चौराहा सहित मुरली रोड पर बड़े-बड़े मॉल और शॉपिंग कॉप्लेक्स बन गए हैं, जिनमें पार्किंग की कोई व्यवस्था नहीं है, जिससे यहां आने वाले लोग सड़क पर वाहन पार्क करते हैं, जो कि हादसों का कारण बनता है। पंकज शर्मा ने आगे कहा कि इसके अलावा लोगों द्वारा सड़क पर किए गए पक्के-कच्चे अतिक्रमण और बेसहारा मवेशियों के इधर-उधर विचरण करने से भी कई गंभीर हादसे होते हैं, विशेषकर त्यौहारों के सीजन में और रात के समय हादसों का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाता है, जिससे लोगों को जान-माल का भी काफी नुकसान होता है और कई बार तो हादसे इतने गंभीर होते हैं कि लोगों की जान भी चली जाती है, इन सभी कारणों से कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, तो कईयों को स्थाई विकलांगता का शिकार होकर दूसरों पर निर्भर होकर अपना जीवन जीना पड़ रहा है। पंकज शर्मा ने सीहोर जिला प्रशासन और नगरपालिका से जनहित की इन सभी मांगों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए अतिक्रमणकारियों पर सख्त कार्रवाई करने तथा सीहोर नगर की जनता को इन सभी समस्याओं से तुरंत मुक्ति दिलाने हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से सीहोर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि घनश्याम यादव, पार्षद विवेक राठौर, पार्षद इरफान लाला, भोपाल नाका मंडलम अध्यक्ष अरुण मालवीय आदि कांग्रेसजन शामिल हैं।

वाहन चोरी का खुलासा : पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया, 17 मई को चोरी हुई थी बाइक और स्कूटी

सीहोर। कोतवाली पुलिस ने बुधवार सुबह वाहन चोरी के दो मामलों का खुलासा किया है। पुलिस ने चोरी हुई एक मोटरसाइकिल और एक स्कूटी बरामद कर ली है। इन मामलों में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। बीते 17 मई को कराड़िया निवासी रूप कंवर सालिया ने अपनी स्कूटी चोरी होने की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) के तहत मामला दर्ज किया था। इसी दिन बद्री महल के रहने वाले सर्वेश राठौर ने भी अपनी मोटरसाइकिल चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिस पर धारा 303(3) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। मामलों की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा के निर्देश पर थाना प्रभारी कोतवाली रविंद्र यादव ने एक टीम का गठन किया। इस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए चोरी हुई होंडा शाइन मोटरसाइकिल और स्कूटी का पता लगाया और वाहनों को जब्त कर लिया।